31 दिसम्बर, 1983 को लक्ष्मी कमर्शियल बैंक लि० की कुल परिसम्पत्तियां, उभयपक्षी मदों को छोड़कर, 264.90 करोड़ रुपए की थी और दिनांक 28-2-1985 को इसकी शाखाओं की संख्या 223 थी ।

स्टेट बैंक आफ इंदौर की चांदनी चौक शाखा के शाखा प्रबंधक के विरुद्ध अनियमितताओं के आरोप

2366. **श्री प्यारेलाल खंडेलवाल :** क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) स्टेट बैंक ऑफ इंदौर की दिल्ली में चांदनी चौक शाखा के शाखा प्रबन्धक को कितनी राशि का क्लीन ओवर-ड्राफ्ट देने का अधिकार है;

(ख) क्या यह सच है कि उक्त बैंक के शाखा प्रबन्धक ने संजय ट्रेडर्स और नवभारत ट्रेडिंग कम्पनी को 6 लाख रुपये से अधिक राशि के ओवर-ड्राफ्ट दिये हैं; यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या यह भी सच है कि भारतीय रिजर्व बैंक ने मंजूरी के न मिलने तक राशियों का भुगतान न करने के अनुदेश जारी किये है और यदि हां, तो इस मामले में इन अनुदेशों को अनुपालन न किये जाने के क्या कारण है;

(घ) क्या यह भी सच है कि 1983 में इसी बैंक में 28 लाख रुपये के घोटाले का पता चला था और यदि हां, तो इस मामले की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ङ) क्या यह भी सच है कि उक्त बैंक शाखा प्रबन्धक ने कुछ अस्थायी कर्मचारियों की नियुक्ति करते समय कुछ अनियमितताएं की हैं और यदि हां, तो उसके विरुद्ध क्या कार्यवाही की जा रही है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जनार्दन पुजारी) : (क) स्टेट बैंक ऑफ इंदौर की दिल्ली स्थित चांदनी चौक शाखा के प्रबन्धक को 50 हजार रुपए तक के बेजमानती ओवर ड्राफ्ट मंजूर करने का अधिकार है ।

(ख) स्टेट बैंक ऑफ इंदौर ने सूचित किया है कि उक्त शाखा के प्रबन्धक ने मैसर्स संजय ट्रेडर्स तथा मैसर्स नव भारत ट्रेडिंग कम्पनी को 6 लाख रुपए की सीमा के नियमित ओवर ड्राफ्ट की अनुमति नहीं दी ।

(ग) भारतीय रिजर्व बैंक ने समाशोधन के लिए लम्बित चैकों के बदले भुगतान किए जाने पर रोक नहीं लगाई है । अतः अनुपालन न करने का सवाल पैदा ही नहीं होता ।

(घ) यह सही है कि उक्त शाखा मे समाशोधन के बदले भुगतान मे लगभग 32 लाख रुपए की अनियमितता का पता चला था । अलबत्ता, बैंक ने सूचित किया है कि पूरी रकम की वसूली कर ली गई है ।

(ङ) बैंक के रिकार्ड के अनुसार, चांदनी चौक शाखा मे अस्थाई कर्मचारियों की नियुक्ति मे कोई अनियमितता बरती गई प्रतीत नहीं होती ।

मध्य प्रदेश में शराब के ठेकेदारों पर छापे

2367. **श्री प्यारेलाल खंडेलवाल :** क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि आयकर कर्मचारियों ने हाल में मध्य प्रदेश के देशी शराब के ठेकेदारों के परिसरों पर कई बार छापे मारे हैं;

(ख) क्या यह सच है कि इन छापों के दौरान भारी मात्रा में काला धन और बेनामी धन पाया गया है ; और

(ग) यदि हां, तो इस मामले में सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जनार्दन पुजारी) : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है जिसे सभा पटल पर रख दिया जायेगा ।